# University in News on 14 January 2024

## NBT PAGE 3

### LU: 17 जनवरी की परीक्षाएं बाद में होंगी

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू में 17 जनवरी को होने वाली सभी परीक्षाओं की डेट वदल दी गई है। गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के कारण यह फैसला लिया गया है। एलयू में 17 जनवरी को यूजी-पीजी के कुल 52 विषयों की परीक्षाएं तय थीं। अव इनकी नई डेट भी घोषित कर दी गई है। एलयू की वेवसाइट पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

### LU: 22 तक छात्रवृत्ति फॉर्म जमा होंगे

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू में शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति के फॉर्म 22 जनवरी तक जमा होंगे। रविवार को भी फॉर्म जमा करने के लिए काउंटर खुले रहेंगे। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने वताया कि अव छात्र 18 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 21 जनवरी तक त्रुटियों के सुधार व फाइनल प्रिंट आउट ले सकेंगे। दस्तावेज के साथ हार्ड कॉपी 22 जनवरी तक जमा होंगे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### 52 विषयों के परीक्षा कार्यक्रम बदले

#### लविवि : 17 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जयंती पर अवकाश के चलते फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को 52 विषयों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कर दिया। इन विषयों की परीक्षाएं 17 जनवरी को पड़ रही थी लेकिन उस दिन गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सार्वजनिक अवकाश है। सभी विषयों का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

विद्यार्थी विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा किसी तरह की समस्या होने पर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा एलएलबी ऑनर्स और बीएससी का भी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी हुआ है।

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिए तिथि बढ़ी

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग की ओर से शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) की आवेदन तिथि 18 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। छात्रवृत्ति का फाइनल प्रिंट लविवि में जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 22 जुलाई का आवेदन फॉर्म विभागाध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष को दिखाकर कार्यालय में जमा कर सकेंगे। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने शनिवार को इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों और संकायध्यक्ष को पत्र को जारी करते हुए निर्देश दिए। विद्यार्थी 18 जनवरी तक आवेदन फार्म भरेंगे, 21 जनवरी त्रुटि सुधार का फाइनल प्रिंट प्राप्त करेंगे और 22 जनवरी को सभी प्रपत्रों के साथ प्रिंट विवि में जमा करेंगे। विवि ने रविवार के दिन भी आवेदन फॉर्म जमा करने के लिए काउंटरों को खुले रखने के निर्देश दिए हैं। (संवाद)

### चीफ प्रोवोस्ट ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

लखनऊ। लविवि के द्वितीय परिसर में शनिवार को चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने सभी छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव मौजूद रहीं। दोपहर के भोजन के समय टीम ने खाने की गुणवत्ता जांचने के साथ ही साफ-सफाई भी देखी। प्रो. अनूप ने कैटर्स को हरी एवं पत्ते वाली सब्जियों के इस्तेमाल के साथ मोटा अनाज के प्रयोग के निर्देश दिए। टीम ने होमी जहांगीर भाभा में चल रहे मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। कौटिल्य व होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के अंतःवासियों को श्रमदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. सिंह ने गंगा छात्रावास व लावण्या छात्रावास में छात्राओं को इंटर हॉस्टल फेस्ट में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. नीतम सिंह, डॉ. प्रणति श्रीवास्तव की मौजूदगी रही। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: 17 जनवरी की परीक्षाएं स्थगित

**बदलाव**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 जनवरी को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सार्वजनिक अवकाश पड़ने के कारण यह फैसला लिया गया है।

एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत 17 जनवरी को पड़ने वाली स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के 52 विषयों की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। साथ ही इन विषयों की परीक्षाओं के लिए नई तिथियां भी घोषित कर दी गई हैं। प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एलयू की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। स्नातक स्तर पर शिक्षाशास्त्र,



मनोविज्ञान, भूगोल, शारीरिक शिक्षा, गृह विज्ञान, बिजनेस इकोनॉमिक्स, रिन्यूबल एनर्जी, इकोनॉमिक्स, हिंदी, कृषि, अंग्रेजी व बीयूएमएस प्रथम और तृतीय प्रोफेशनल का पेपर शामिल है। वहीं परास्नातक स्तर पर एमबीए आईएमएस, कंप्यूटर साइंस, हिंदी, समाजशास्त्र, फ्रेंच, समाज कार्य, कम्यूटनिटी मेडिसिन, सीसीजेए, पॉप्युलेशन स्टडीज, उर्दू, वेस्टर्न हिस्ट्री, संस्कृत, भूगोल, अंग्रेजी, एआईएच जैसे विषय हैं।

#### कृषि और एलएलबी सातवें सेमेस्टर का बदला शेड्यूल

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एलएलबी इंटीग्रेटेड सातवें सेमेस्टर और बीएससी ऑनर्स कृषि एनईपी पांचवे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बदल गया है। संशोधित कार्यक्रम वेबसाइट पर है।

#### 22 जनवरी तक छात्रवृत्ति के फॉर्म जमा होंगे

शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति के फॉर्म 22 जनवरी तक जमा किए जा सकेंगे। साथ ही रविवार को भी फॉर्म जमा करने के लिए काउंटर खुले रहेंगे। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## i-NEXT PAGE 3

### 17 की परीक्षाओं की तिथि बदली

LUCKNOW (13 Jan): एलयू ने अब 17 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की वजह से स्नातक व परास्नातक के 52 विषयों की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया है. विश्वविद्यालय ने इन परीक्षाओं की नई तिथि भी जारी कर दी हैं. परीक्षाओं का स्थान एवं समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है. परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षाएं 19 जनवरी से तीन फरवरी के बीच अलग अलग तिथियों में होंगी. वहीं, दूसरी ओर एल.एल.बी (इंटीग्रेटेड) सातवें सेमेस्टर नए और पुराने कोर्स और बी.एससी आनर्स एग्रीकल्चर पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) और सातवें सेमेस्टर का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया है.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### प्रोवोस्ट ने छात्रावासों का जाना हाल

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विवि के द्वितीय परिसर में सभी छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव भी थीं। दोपहर के भोजन के समय टीम ने खाने की गुणवत्ता जांच के साथ साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। चीफ प्रोवोस्ट ने कैटर्स को हरी एवं पत्ते वाली सब्जियों के अधिकतम प्रयोग और मोटे अनाज के भी प्रयोग के निर्देश दिए। होमी जहांगीर भाभा में चल रहे मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण हुआ। मेस के पीछे खुले हिस्से में विधिवत सफाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही कौटिल्य एवं होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के अंत:वासियों से श्रमदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रो. सिंह ने गंगा छात्रावास एवं लावण्या छात्रावास में रह रहीं छात्राओं को इंटर हॉस्टल फेस्ट में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. नीतम सिंह, डॉ. प्रणति श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि के चीफ प्रोवोस्ट ने किया निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में सभी छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ अनुपमा श्रीवास्तव भी थीं। दोपहर के भोजन के समय टीम ने खाने की गुणवत्ता जाँच के साथ साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। सभी छात्रावासों में अंतःवासियों ने खाने की तारीफ की। चीफ प्रोवोस्ट ने कैटर्स को हरी एवं पत्ते वाली शब्जियों के अधिकतम प्रयोग और मोटे अनाज के भी प्रयोग के लिये निर्देश दिये। होमी जहांगीर भाभा में चल रहे मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया गया और मौके पर ही मेस के पीछे खुले हिस्से में विधिवत सफाई के निर्देश दिये। इसके साथ ही कौटिल्य एवं होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के अंतःवासियों से श्रमदान हेतु प्रोत्साहित भी किया। प्रो सिंह ने गंगा छात्रावास एवं लावण्या छात्रावास में रह रही छात्राओं को इंटर हॉस्टल फेस्ट में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु भी प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के समय वहाँ के सभी प्रोवोस्ट डॉ अर्चना सिंह, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ नीतम सिंह, डॉ प्रणति श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी 2024 में आयोजित छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत कलारीपयट्टु प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 जनवरी को तिरुचिरापल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है। खेलो इंडिया कलारिपयट्टु प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तैयारी के लिए एसोसिएशन द्वारा चौक स्टेडियम में आयोजित कैंप का शुभारंभ प्रदेश सीईओ प्रवीण गर्ग द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर विशेष प्रशिक्षण के लिए केरल से बुलाए गए राष्ट्रीय चैंपियन और कलारी एक्सपर्ट अम्बरीश कुमार का पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर प्रदेश संयुक्त सचिव वैभव कुमार और इमरान अली द्वारा स्वागत किया गया।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि: 17 को होने वाली परीक्षाओं की तिथि बदली



जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने अब 17 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की वजह से स्नातक व परास्नातक के 52 विषयों की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया है। विश्वविद्यालय ने इन परीक्षाओं की नई तिथि भी जारी कर दी हैं। परीक्षाओं का स्थान एवं समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

छात्र-छात्राएं, वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से अपने-अपने विषय के अनुसार संशोधित परीक्षा तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षाएं 19 जनवरी से तीन फरवरी के बीच अलग अलग तिथियों में होंगी। वहीं, दूसरी ओर एल.एल.बी (इंटीग्रेटेड) सातवें सेमेस्टर नए और पुराने कोर्स और बी.एससी आनर्स एग्रीकल्चर पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) और सातवें सेमेस्टर का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया है।

### लवि में नकल करते पकड़े गए पांच विद्यार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक व परास्नातक परीक्षाओं में शनिवार को दोनों पालियों में पांच छात्र नकल करते पकड़े गए। इनके खिलाफ अनुचित साधन के प्रयोग करने के आरोप में कार्रवाई की गई।